web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 08 नवम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 41

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बड़े हमले की साजिश रच रहे थे आतंकी, सुरक्षाबलों ने 4 को दबोचा

**श्रीनगर (आरएनएस)।** भारतीय सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के सोपोर में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे चार आतंकियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आतंकियों से पूछताछ की जा रही है। सुरक्षाबलों की ओर से पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आखिर ये आतंकी भारत में किस रास्ते से दाखिल हुए थे और सोपोर में उनकी मदद कौन कर रहा था। दरअसल, भारतीय सुरक्षाबलों को खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ आतंकी सोपोर में छुपे हुए हैं और किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में हैं। खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी की और सोपोर के एक घर से चारों आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया। भारतीय सुरक्षाबलों को पकड़े गए आतंकियों के पास से कुछ हथियार भी बरामद हुए हैं। पकड़े गए आतंकियों की पहचान रमीज अहमद मल्ला, रियाज खालिक पार्रे, वसीम मंज़ूर गाज़ी और इखलाक इम्तियाज़ शेख के रूप में की गई है।अभी तक इस बात की जानकारी नहीं लगी है कि पकड़े गए आतंकी किस आतंकवादी संगठन से जुड़े हुए हैं।

### युवती के साथ दरिंदगी, अलग-अलग शहरों में ले जाकर किया दुष्कर्म

**बीकानेर (आरएनएस)।** राजस्थान में बीकानेर जिले के नयाशहर थाना क्षेत्र की एक युवती को अलग-अलग शहरों के होटलों में ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार युवती के साथ दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देकर जोधपुर के आर्य समाज में शादी कर लेने का मामला दर्ज कराया गया है। बीकानेर लौटने पर युवती ने आरोपी के खिलाफ नयाशहर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया। युवती की ओर से गुरुवार को पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया कि गत सोलह सितंबर को वह अपनी सहेली के साथ एमएस कॉलेज गई थी। वहां खजोडा निवासी राजाराम ने सहेली के मोबाइल पर फोन किया और शार्दुलसिंह सर्किल के पास स्थित होटल में बुलाया। होटल के कमरे में उसने जबरन बीयर पिलाई और उसे धमकाकर राजीव गांधी मार्ग ले गया जहां से अहमदाबाद वाली बस में बैठाया। बस के डबल स्लिपर में दुष्कर्म किया। बाद में राजाराम उसे मुंबई, पूना, गोवा, लखनऊ, उदयपुर, चित्तौडगढ़, बेंगलुरू, नेपाल, जयपुर ले गया और होटलों के कमरों में दुष्कर्म करता रहा। गोवा से जोधपुर लेकर आया और 26 सितंबर को न्यायालय में कागजों पर साइन कराए और फिर जबरन कमला नेहरू आर्य समाज में शादी कर ली। उसके बाद फिर से अलग-अलग शहरों और नेपाल ले जाकर दुष्कर्म किया।

### सुप्रीम कोर्ट मीडिया पर कवरेज से रोक वाली याचिका पर नहीं करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने तीस हजारी कोर्ट में वकीलों और पुलिस के बीच झड़प के बाद प्रदर्शन की खबरों की कवरेज से मीडिया पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। वहीं आज वकील सभी लोगों को फूल देकर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।आपको बताते जाए कि दो नवम्बर को तीस हजारी कोर्ट में वाहन खड़ा करने को लेकर पुलिसकर्मियों और वकीलों के बीच हिंसा हो गई। इसमें पुलिस की गाड़ी जला दी गई है। एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी और वकील घायल हो गए थे।

### 'आतंकवाद के लिए धन नहीं' सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत 2020 में 'आतंकवाद के लिए धन नहीं' सम्मेलन के अगले संस्करण का आयोजन करेगा। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'आतंकवाद के लिए धन नहीं' सम्मेलन 100 से अधिक देशों की वित्तीय खुफिया इकाइयां (एफआईयू) आयोजित करती हैं। इन देशों को संयुक्त रूप से एग्मोंट समूह कहा जाता है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री रेड्डी ने मेलबर्न में जारी 'आतंकवाद के लिए धन नहीं' सम्मेलन में कहा कि अगले वर्ष इस सम्मेलन का आयोजन भारत करेगा।

## कोर्ट के फैसले से पहले चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबल तैनात

**» अधिकारियों-कर्मचारियों के हुए अवकाश निरस्त**

**अयोध्या (आरएनएस)।** अयोध्या विवाद में सुप्रीम कोर्ट के संभावित फैसले को लेकर सतर्कता बढ़ती चली जा रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट 17 नवंबर तक अपना फैसला सुना सकता है। संभावित फैसले को लेकर प्रदेश के एडीजी अभियोजन आशुतोष पांडे ने अयोध्या पहुंचकर कमान संभाल ली है। अयोध्या की सुरक्षा को लेकर एडीजी अभियोजन आशुतोष पांडे ने सर्किट हाउस में पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग भी की। अयोध्या की सुरक्षा में सिविल पुलिस के साथ पीएसी, आरएएफ को लगाया गया है। इसके साथ ही एटीएस भी अयोध्या पर नजर रख रही है। खुफिया एजेंसी को सतर्क रखा गया है। ड्रोन कैमरे से अयोध्या की निगरानी की जा रही है। वहीं फैसले के मद्देनजर जिले में



कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश 30 नवंबर तक निरस्त कर दिए गए हैं। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में अस्थाई जेल बनाने के लिए विद्यालयों को चिह्नित किया जा रहा है। फैसले के बाद अयोध्या से जुड़ी जिले की सीमाएं सील करने की भी तैयारी है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर सतर्कता बढ़ा दी है। अयोध्या के बार्डर का जिला होने के चलते यहां खास एहतियात बरता जा रहा है।

अयोध्या विवाद के फैसले को लेकर पुलिस समेत अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों को 24 घंटे अपने-अपने क्षेत्र पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। फैसले के बाद किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन की अधिकारियों के साथ बैठकें लगातार जारी हैं। इनमें संबंधित अधिकारियों को सतर्क करते हुए अपने-अपने विभागीय कर्मचारियों के जरिए क्षेत्रों पर नजर रखने का निर्देश प्रशासन की ओर से दिया जा रहा है।

अयोध्या विवाद के संभावित फैसले को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरजेबी सेल का गठन किया है। एएसपी उत्तरी आरएस गौतम को सेल का नोडल अधिकारी और सीओ सिटी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। सेल में कई इंस्पेक्टर व दरोगाओं की भी तैनाती की गई है।

अयोध्या विवाद के फैसले के बाद किसी भी स्थिति से निपटने के लिए शासन से अर्द्धसैनिक बल की मांग की गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही जिले को अर्द्धसैनिक बल उपलब्ध हो जाएगा, जिसके बाद ये जिले में जगह जगह पर तैनात किया जाएगा।

तैयारियों के बीच स्वास्थ्य विभाग को भी सतर्क किया गया है। जिला अस्पताल समेत सभी सीएचसी पर दवाओं के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा गया ही। डॉक्टरों समेत पूरे स्टाफ को मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया है।

प्रशासन के मुताबिक एलआईयू व अन्य जांच एजेंसियों को लगातार सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। गोपनीय सूचनाओं से प्रशासन व पुलिस अफसरों को तत्काल अवगत कराया जा रहा है। फैसले के मद्देनजर सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए एक कमेटी गठित की गई है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ व आपत्तिजनक मैसेज पोस्ट, शेयर व लाइक करने से बचने की लोगों को सलाह दी जा रही है।

## पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए हाईकोर्ट में याचिका

**» दिल्ली पुलिस बनाम वकील**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट में गुरुवार को एक जनहित याचिका दायर कर तीस हजारी कोर्ट परिसर में दो नवंबर की झड़प के मद्देनजर सार्वजनिक प्रदर्शन करने और धरना देने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। वकीलों और पुलिस के बीच हुयी झड़प से संबंधित मामला अदालत के विचाराधीन होने के बावजूद सोशल मीडिया में बयान जारी करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए दायर जनहित याचिका को शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। वकील राकेश कुमार लकड़ा ने यह याचिका दायर की है। इसमें केन्द्र के साथ ही दिल्ली पुलिस, इसके आयुक्त अमूल्य पटनायक, अरुणाचल प्रदेश के पुलिस उपमहानिरीक्षक मधुर वर्मा, दिल्ली पुलिस के उपायुक्त असलम



खान, एनआईए की पुलिस अधीक्षक संयुक्ता पराशर को पक्षकार बनाया गया है।

**वकील अब भी कामकाज से दूर-** साकेत जिला अदालत परिसर के प्रवेश द्वार पर गुरुवार को वकीलों ने मुकदमा लड़ने वाले लोगों का फूल देकर स्वागत किया और खुद लगातार चैथे दिन काम से अलग रहे। तीस हजारी अदालत में दो नवंबर को पुलिस के साथ झड़प के विरोध में वकील प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी छह जिला अदालतों तीस हजारी, साकेत, कड़कड़डूमा, रोहिणी, पटियाला हाउस और द्वारका में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

## ब्रिटेन की अदालत में बोला नीरव मोदी, अगर भारत को सौंपा गया तो कर लूंगा खुदकुशी



**न्यूयॉर्क।** पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी माममले के मुख्य आरोपी और भगोड़ा घोषित हो चुके हीरा कारोबारी नीरव मोदी को ब्रिटेन की अदालत से फिर झटका लगा है। अदालत ने नीरव मोदी की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान नीरव मोदी ने एक बार फिर अपना आपा खो दिया। और कहा कि अगर उसे भारत को प्रत्यर्पित किया गया, तो वह आत्महत्या कर लेगा। नीरव मोदी धोखाधड़ी के दो अरब डॉलर के मनी लांड्रिंग मामले में भारत को सौंपे जाने के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है।

नीरव ने अपनी जमानत याचिका बहुत पहले दायर की थी। अदालत के सामने पेश हुए भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने कहा कि उसे तीन बार जेल में पीटा गया है। साथ ही उसने न्यायाधीश के कहा कि अगर अदालत उसे भारत प्रत्यर्पित करती है तो वह आत्महत्या कर लेगा। लेकिन इसके बाद भी न्यायाधीश ने उसे जमानत नहीं दी।


## अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर प्रियंका गांधी ने की सरकार की आलोचना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अर्थव्यवस्था की स्थिति पर भारत सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि देश में सत्ता पर काबिज लोग अपने में ही मस्त हैं, जबकि आम लोग हर मोर्चे पर त्रस्त हैं। प्रियंका ने ट्वीट किया, ''देश में अर्थव्यवस्था की हालत एकदम पतली है। सेवा क्षेत्र औंधे मुंह गिर चुका है। रोजगार घट रहे हैं। शासन करने वाला अपने में ही मस्त है, जनता हर मोर्चे पर त्रस्त है।'' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अमेरिका में 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम कर रहे हैं जबकि अमेरिकियों ने वहां काम करने की इच्छा रखने वाले भारतीयों को एचबी1 वीजा की संख्या कम कर दी है।

## अयोध्या फैसले से पहले गृह मंत्रालय ने जारी की एडवाइज़री

**» सभी राज्यों से चैकस रहते हुए सतर्कता बरतने का आग्रह**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अयोध्या मामले पर फैसला आने से पहले गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक एडवाइजरी जारी की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद पर उच्चतम न्यायालय का फैसला आने के मद्देनजर सभी राज्यों से चैकस रहने को कहा है। यह जानकारी गृह मंत्रालय के सूत्रों ने दी है।



मुख्य न्यायधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ अयोध्या मुद्दे को लेकर जल्द फैसला सुना सकती है। ये पीठ 2010 के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ याचिकाओं पर विचार कर रही है जिसने विवादित भूमि को निर्मोही अखाड़ा, सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और राम लल्ला के प्रतिनिधियों, बाल एकता के बीच समान रूप से बांटने का आदेश दिया था। गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार एमएचए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अयोध्या मामले में संभावित फैसले से पहले सतर्क रहने की सलाह दी है।

**कॉलेजों में बनाई गई अस्थाई जेल-** केंद्र और राज्य सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी है। फैसले से पहले सुरक्षा के मद्देनजर सरकार ने निम्न कदम उठाए हैं। उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जिले में अलग अलग कॉलेज में 8 अस्थाई जेल तैयार की गई हैं।

## आवासीय परियोजनाओं में फंसे लोगों को जल्द मिलेगा आसियाना

**» केंद्र सरकार ने दी 25 हजार करोड़ रुपये के कोष की मंज़ूरी**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने अटकी आवासीय परियोजनाओं में फंसे मकान खरीदारों और रीयल एस्टेट कंपनियों को बड़ी राहत देने की घोषणा की है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 1,600 अटकी पड़ी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिये 25 हजार करोड़ रुपये के कोष को मंज़ूरी दी है। इससे देशभर में 4.59 लाख



आवासीय इकाइयों को पूरा करने में मदद मिलेगी और सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाया जा सकेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई। बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संवाददाताओं को बताया कि सरकार इस कोष के लिये वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) में 10,000 करोड़ रुपये डालेगी जबकि शेष 15,000 करोड़ रुपये का योगदान भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की ओर से किया जायेगा। इससे कोष का समूचा आकार 25,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जायेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि कई सावरेन कोषों ने भी इसमें रुचि दिखाई है और वह भी बाद में इस योजना में शामिल हो सकते हैं। इस बीच सूत्रों ने बताया है कि रुकी पड़ी 1,600 परियोजनाओं में करीब 3.5 लाख करोड़ रुपये निवेश किये जा चुके हैं और इन्हें पूरा करने के लिये 55,000 से लेकर 80,000 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। सीतारमण ने स्पष्ट किया कि इस कोष के तहत केवल रेरा में पंजीकृत परियोजनाओं पर ही विचार किया जायेगा।

## सांसदों संग नौ को दीवाली मनाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को अपने साथ दिवाली मनाने का आमंत्रण दिया है। पीएम मोदी अपने आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 9 नवंबर को दिवाली मनाएंगे।

आपको बता दें कि हर साल पीएम मोदी दिवाली के दिन देश के जवानों की बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन करते रहे हैं। इस साल दीवाली के अवसर पर जम्मू-कश्मीर के राजौरी में जवानों के साथ दिवाली मनाकर उनका उत्साहवर्धन किया था।

## रूस और भारत रक्षा उद्योग सहयोग पर करेंगे काम, 2030 तक का प्लान तैयार

**मॉस्को।** भारत और रूस की सेना तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर काम करने जा रही है। रूस के उप प्रधानमंत्री यूरी बोरिसोव ने कहा कि भारत और रूस रक्षा उद्योग सहयोग के एक कार्यक्रम का समन्वय करने पर काम रहे हैं और इसे वर्ष 2030 तक पूरा किया जाएगा। बोरिसोव ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ यहां मुलाकात के बाद कहा, भारत रूसी हथियारों के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। वर्ष 2030 तक रूस और भारतीय सैन्य-तकनीकी सहयोग के एक कार्यक्रम को समन्वित करने के लिए काम चल रहा है। सिंह दरअसल रक्षा मंत्री बनने के बाद रूस की पहली यात्रा पर है। बोरिसोव ने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद रूस और भारत ने सफलतापूर्वक रक्षा क्षेत्र में एक दूसरे का सहयोग किया है। विशेष रूप से भारत को एस -400 हवाई रक्षा मिसाइल प्रणाली देने पर। भारत और रूस ने दरअसल अक्टूबर 2018 में भारत को पांच अरब डॉलर वाली एस -400 हवाई रक्षा मिसाइल प्रणाली देने पर हस्ताक्षर किये थे।

## करतारपुर के लिए भारतीय तीर्थयात्रियों के पास पासपोर्ट होना आवश्यक : आईएसपीआर प्रमुख

**इस्लामाबाद।** आईएसपीआर प्रमुख मेजर जनरल आसिफ गफूर ने कहा है कि करतारपुर कॉरिडोर के माध्यम से पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित करतारपुर साहिब गुरुद्वारे में जाने के लिए



भारतीय सिख तीर्थयात्रियों के पास पासपोर्ट होना अनिवार्य है। ज्ञात हो कि सिख धर्म के संस्थापक बाबा गुरु नानक देव की 550वीं जयंती से पहले शनिवार को करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन किया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से प्रवेश प्रक्रिया पासपोर्ट-आधारित पहचान के तहत होगी। सुरक्षा या संप्रभुता को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

मूल रूप से गुरुद्वारा दरबार साहिब के नाम से लोकप्रिय करतारपुर कॉरिडोर के जरिए भारतीय सिख श्रद्धालु बिना वीजा के वहां जा सकते हैं। गुरुद्वारा दरबार साहिब सिखों का पवित्र धर्मस्थल है, जहां सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव ने अपनी जिंदगी के आखिरी 18 साल बिताए थे और वहीं अपने प्राण त्यागे थे। इस साल 12 नवंबर को गुरु नानक देव की 550वीं जयंती को यादगार बनाने को लेकर इस कॉरिडोर की स्थापना की गई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक नवंबर को ट्विटर पर करतारपुर कॉरिडोर के पूरे होने की घोषणा की थी। इसके साथ ही उन्होंने आगंतुकों को अपने साथ पहचान पत्र के तौर पर पासपोर्ट लाने और पूर्व पंजीकरण में छूट देने की बात कही थी।

## कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बर्फबारी, सड़क मार्ग बंद, दो उड़ानें भी रद्द

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के तीन राज्यों के पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है। इससे उत्तरी भारत में ठंड की लहर पैदा कर दी है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी ने अपनी दस्तक दे दी है। इन राज्यों में पहाड़ों पर भारी बर्फबारी हो रही है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां यातायात में लोगों को दिक्कत आ रही है वहीं श्रीनगर में यातायात और टेलीफोन सेवाएं ठप हो गई हैं। श्रीनगर हवाई अड्डे पर बर्फबारी के कारण अब तक दो उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इसी के कारण अन्य उड़ानें देरी से चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ मौसम की पहली बर्फबारी से पर्यटकों में खुशी का माहौल है। कश्मीर घाटी के मशहूर पर्यटन स्थल गुलमर्ग के



ऊंचाई वाले स्थानों पर लगभग दो फुट बर्फ गिरी, जबकि तंगदूरी इलाके में 1.5 फुट बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में 5 से 8 नवंबर के बीच मौसम बिगड़ने और बर्फबारी की आशंका जताई थी। ताजा बर्फबारी व बारिश से मैदान से पहाड़ों तक तापमान में भारी कमी आई है और घाटी पूरी तरह ठंड की चपेट में आ गई है। गुलमर्ग में अधिकतम और न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया, जबकि लेह का न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया।

इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी ने मौसम खुशनुमा बना दिया है। राज्य में मनाली के पास कुल्लू जिले में सोलंग नाला में बर्फबारी हो रही है। जहां सभी इमारतें और मैदान बर्फ की सफेद चादर से ढंक गए हैं। उधर, बुधवार को विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग में सुबह धूप खिली रही लेकिन शाम को फिर मौसम खराब हुआ और बर्फबारी हुई। हालांकि, बुधवार को अलर्ट के बीच प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में धूप खिली रही। जिला लाहौल-स्पीति प्रशासन के अलर्ट के बाद भी दोपहर बाद तक दोनों ओर से वाहन दौड़ते रहे। बुधवार को रोहतांग दर्रा से करीब ढाई सौ वाहन आरपार हुए। मनाली से 76, कोकसर से 170 वाहन भेजे गए।

### हिमाचल के प्रमुख शहरों का तापमान

प्रदेश के प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान शिमला 7.6, सुंदरनगर 8.4, भूंतर 6.6, कल्पा 1.2, धर्मशाला 14.4, ऊना 12.0, नाहन 16.4, केलांग 0.2, पालमपुर 9.5, सोलन 7.5, मनाली 2.8, कांगड़ा 11.8, मंडी 11.0, बिलासपुर 12.5, हमीरपुर 12.8, चंबा 10.4, डलहौजी 6.0 और कुफरी 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है।